आकाशवाणी श्री विजयपुरम

31.10.2025 समय : 1905

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के एकता नगर में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का नेतृत्व किया। राष्ट्र के ताने–बाने को कमज़ोर करने वाले किसी भी विचार या कार्य को अस्वीकार करने पर जोर।

2. द्वीप समूह में भी आज राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

3. केन्द्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने आज कोच्चि में समुद्री मत्स्य गणना दो हजार पच्चीस और मोबाइल ऐप व्यास–भारत व व्यास–सूत्र का शुभारंभ किया।

4. डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए, द्वीप समूह के तीनों ज़िलों में विभिन्न जागरूकता अभियान चलाया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से एकजुट होकर राष्ट्र की प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने की अपील की। श्री मोदी ने कहा कि इससे विकसित भारत का सपना साकार होगा। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एकता नगर में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ये बात कही।

प्रधानमंत्री ने देश की भाषाई विविधता की सराहना की और इसे भारत की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के ताने–बाने को कमजोर करने वाले किसी भी विचार या कार्य को अस्वीकार करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने करोड़ों लोगों द्वारा ली गई एकता की शपथ में देशव्यापी भागीदारी पर कहा कि इससे राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के सामूहिक संकल्प की पुष्टि हुई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि है। उन्होंने बताया कि इस भव्य प्रतिमा का निर्माण पूरे भारत के लोगों, खासकर ग्रामीण जनों के जन आंदोलन और समर्थन का परिणाम है। मोदी ने आम लोगों से केवड़िया जाकर प्रतिमा की भव्यता का प्रत्यक्ष अनुभव करने का भी आग्रह किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि लाला लाजपत राय जैसे अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने आर्य समाज से प्रेरणा ली और स्वयं को स्वतंत्रता आन्दोलन के लिए समर्पित कर दिया। आज दिल्ली में अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि अनेक वर्षों तक आर्य समाज को उसका अपेक्षित स्थान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि आर्य समाज एक ऐसा संगठन है कि जो निर्भीक होकर भारतीयता की बात करता है। प्रधानमंत्री ने स्वामी दयानंद सरस्वती को श्रद्धांजलि अर्पित की।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने माईभारत, के सहयोग से आज लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया। जेएनआरएम की प्राचार्य डॉ. पर्ल देवदास मुख्य अतिथि थीं और माईभारत के संयुक्त निदेशक शुक्ररंजन बिश्वास विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि यह वर्ष 150वीं जयंती समारोह वर्ष है, इसलिए देश के लिए सरदार पटेल जी के जीवन और योगदान को याद करना और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना बहुत महत्वपूर्ण है। मुख्य अतिथि ने MYBharat गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर भी बात की। इस अवसर पर, सरदार पटेल की जीवन और योगदान विषय पर भाषण प्रतियोगिता और नशा मुक्त भारत–सशक्त भारत विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी छात्रों के लिए आयोजित की गई थी। पूरे कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. भाग्य लक्ष्मी विजयन, सहायक प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग और सहायक नोडल अधिकारी MYBharat ने किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के पुलिस मरीन फोर्स ने आज भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। "विविधता में एकता" विषय पर आयोजित इस समारोह में राष्ट्रीय एकीकरण और सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय एकता शपथ के साथ हुई, जिसमें राष्ट्र की एकता और सुरक्षा के प्रति कर्मियों की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। एक विशेष आकर्षण के रूप में पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट, के नेतृत्व में पीएमएफ इकाई की पाँच सदस्यीय डाइविंग टीम ने उत्तरी खाड़ी में एक पानी के भीतर अभियान चलाया, जिसमें समुद्र के नीचे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

<><><><><><>

शिक्षा एवं खेल विभाग द्वारा संबंधित विभागों के सहयोग से नेताजी स्टेडियम में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद बिष्णु पद रे ने एकता प्रतिज्ञा दिलाकर किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, उपायुक्त श्री अर्जुन शर्मा, शिक्षा व खेल सचिव एल. कुमार, और निदेशक डॉ. जतिंदर सोहल उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में विद्यालय व महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं, शिक्षकों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम ने एकता, अखंडता और देशभक्ति के मूल्यों को उजागर किया तथा सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों को स्मरण किया गया।

<><><><><><>

केन्द्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने आज कोच्चि में समुद्री मत्स्य गणना दो हजार पच्चीस और मोबाइल ऐप व्यास–भारत व व्यास–सूत्र का शुभारंभ किया। इस पहल से भारत की मत्स्य गणना प्रणाली पूरी तरह डिजिटल और भू–संदर्भित हो गई है। लगभग बारह लाख मछुआरा परिवारों और पांच हजार तटीय गाँवों को शामिल करने वाली यह गणना तीन नवंबर से अटठारह दिसंबर तक चलेगी। पूरी प्रक्रिया ICAR–CMFRI द्वारा विकसित विशेष मोबाइल एप्लिकेशनों से संचालित होगी, जिससे वास्तविक समय में डेटा संग्रह और निगरानी संभव होगी। MFC–2025 में पहली बार परिवारों की आय, ऋण, बीमा, कोविड–19 प्रभाव और सरकारी योजनाओं के लाभ जैसी सामाजिक–आर्थिक जानकारी भी जुटाई जाएगी। गणना में ड्रोन तकनीक से मछली पकड़ने वाले जहाजों की हवाई गिनती भी शामिल है। श्री कुरियन ने कहा कि सरकार मछुआरों को ट्रांसपोंडर और टर्टल एक्सक्लूडर डिवाइस जैसे उपकरण निःशुल्क उपलब्ध करा रही है और सभी से NFDP पोर्टल पर पंजीकरण करने की अपील की।

<><><><><><>

नरेन्द्र मोदी सरकार ने 22 सितंबर को वस्तु और सेवाकर दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की थी। द्वीप समूह के एक मेडिकल शॉप के मालिक ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि नए जी एस टी सुधार से मध्यम वर्ग को काफी लाभ मिल रहा है।

<><><><><><>

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए, ABDM की कार्यक्रम प्रबंधन इकाई ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह के तीनों ज़िलों में विभिन्न जागरूकता अभियान चलाए हैं। इन अभियानों का उद्देश्य नागरिकों को डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र के लाभों के बारे में सूचित और सशक्त बनाना है। PMU शहरी और दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों, जिनमें शैक्षणिक संस्थान, ग्राम पंचायतें, अस्पताल और अन्य सार्वजनिक स्थलों में कार्ड बनाने के अभियान भी सक्रिय रूप से आयोजित कर रहा है। इसके अलावा, पीएमयू ने सभी 03 जिलों में बस टर्मिनलों और जहाज टिकट काउंटरों जैसे अधिक भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर पैम्फलेट वितरण शुरू किया गया।

<><><><><><>